# यूपीआई ने बनाया मार्च में नया रिकॉर्ड

## 29.53 लाख करोड़ रुपये से अधिक का हुआ लेन-देन

**नई दिल्ली,02 अप्रैल.** भारत में डिजिटल भुगतान का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस ने मार्च में नया रिकॉर्ड बना दिया है. इस दौरान 22.64 अरब लेनदेन के साथ 29.53 लाख करोड़ रुपये से अधिक का ट्रांजैक्शन हुआ.

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक, यह किसी भी महीने का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है. यूपीआई की तेज रफ्तार न केवल देश में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दे रही है, बल्कि भारत को वैश्विक फिनटेक क्षेत्र में भी मजबूत स्थिति में ला रही है.

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम
NATIONAL PAYMENTS CORPORATION OF INDIA

बुधवार- भारत में डिजिटल भुगतान प्रणाली ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस के जरिए मार्च महीने में रिकॉर्ड लेनदेन दर्ज किया है. नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान 22.64 अरब ट्रांजैक्शन हुए, जो अब तक का सबसे अधिक मासिक आंकड़ा है. लेनदेन की कुल वैल्यू भी बढ़कर 29.53 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई, जो पिछले महीनों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है.

> फरवरी में जहां 20.39 अरब ट्रांजैक्शन हुए थे, वहीं जनवरी में यह आंकड़ा 21.70 अरब था. डेली ट्रांजैक्शन औसत भी मामूली बढ़कर 730 मिलियन तक पहुंच गया, हालांकि औसत दैनिक वैल्यू में हल्की गिरावट देखी गई. यूपीआई ऐप्स में फोनपे ने 45.5 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अपनी बढ़त बनाए रखी, जबकि गूगल पेय और पेटीएम क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे. विशेषज्ञों का मानना है कि यूपीआई का बढ़ता उपयोग और अंतरराष्ट्रीय विस्तार भारत को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर तेजी से आगे बढ़ा रहा है.

# सिम बाइंडिंग नियम अब अगले साल से

**नई दिल्ली, 2 अप्रैल.** केंद्र सरकार ने 'सिम बाइंडिंग' नियमों को लागू करने की डेडलाइन बढ़ाकर 31 दिसंबर 2026 कर दी है. इसका मतलब है कि ये नए नियम अब 1 जनवरी 2027 से प्रभावी होंगे. इस व्यवस्था के तहत व्हाट्सप्प, टेलीग्राम, सिग्नल जैसे मैसेजिंग एप तभी काम करेंगे जब आपका रजिस्टर्ड सिम उसी मोबाइल फोन में मौजूद होगा. यदि सिम कार्ड फोन से बाहर निकाला गया तो कंप्यूटर पर लॉगिन वॉट्सएप 6 घंटे में ऑटोमैटिक लॉगआउट हो जाएगा. सिम बाइंडिंग एक सुरक्षा उपाय है, जिससे आपके मैसेजिंग एप आपके फिजिकल सिम कार्ड के साथ लॉक हो जाते हैं. इससे किसी भी हैकर या ठग के लिए आपके नंबर का गलत इस्तेमाल करना मुश्किल हो जाएगा.

# 30 जून तक पेट्रोकेमिकल्स पर ड्यूटी माफ

**विनिर्माण बढ़ाने को सरकार ने दी बड़ी राहत**

**बिक्री पर सीमा शुल्क में रियायतें अनुसूचित**



**नई दिल्ली, 02 अप्रैल. बजट 2026-27 की घोषणा के अनुरूप विशेष आर्थिक क्षेत्रों में निर्मित वस्तुओं की घरेलू प्रशुल्क क्षेत्र में बिक्री पर सीमा शुल्क में रियायतों को कुछ शर्तों के साथ अधिसूचित किया गया है.**

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि वैश्विक व्यापार व्यवधानों से प्रभावित विनिर्माण इकाइयों की क्षमता उपयोग को बेहतर बनाने के लिए इस बार के बजट में यह छूट देने के प्रावधान किए गए हैं. शुल्क में रियायत की यह सुविधा खनिज उत्पाद, रासायनिक उत्पाद, प्लास्टिक एवं रबर, चमड़ा, चमड़े के उत्पाद और फर से बने सामान, लकड़ी, कॉर्क एवं कागज, वस्त्र एवं वस्त्र उत्पाद, जूते एवं टोपी, पत्थर, सिरेमिक एवं कांच, धातु और उनसे बने सामान, मशीनरी एवं विद्युत उपकरण, वाहन, विमान एवं परिवहन उपकरण, ऑप्टिकल, चिकित्सा एवं वैज्ञानिक उपकरण, हथियार और गोला-बारूद और विविध निर्मित वस्तुओं सहित कई क्षेत्रों को कवर करता है. मंत्रालय ने कहा कि इस उपाय से लगभग 1,200 एसईजेड विनिर्माण इकाइयों को लाभ होने की उम्मीद है. इससे बड़े पैमाने का उत्पादन हो सकेगा, लागत कम होगी और विनिर्माण क्षेत्र में

> रिपोर्ट के अनुसार, तीन रियायतों की पात्र एसईजेड विनिर्माण इकाइयां रियायती शुल्क दरों पर डीटीए को माल भेज सकती हैं, बशर्ते यह सीमा पिछले तीन वित्तीय वर्षों में से किसी भी वर्ष में प्राप्त उच्चतम वार्षिक फ्री ऑन बोर्ड निर्यात मूल्य के 30 प्रतिशत तक सीमित हो. दोहरे लाभ से बचने के लिए, इनपुट पर शुल्क छूट जैसे निर्यात लाभों की अनुमति नहीं है. इस अधिसूचना में पात्रता की प्रमुख शर्तें निर्धारित की गई हैं, जिनमें एसईजेड में न्यूनतम 20 प्रतिशत मूल्यवर्धन शामिल है, जिसकी गणना मूल्यांकन योग्य मूल्य और इनपुट लागतों पर आधारित एक परिभाषित सूत्र का उपयोग करके की जाती है.


**THE M.P. STATE AGRO INDUSTRIES DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
"Panchanan" 3rd Floor, Malaviya Nagar, Bhopal
Ph. : (0755)- 2551652, 2551756, 2761392, Fax : 0755-2557305
HO/HORTI/PLASTIC ITEMS/2026-27/29 Dated : 02.04.2026

**NOTICE INVITING RATE CONTRACT OFFER (RCO)**

The Corporation invites Online Rate Contract Offer (RCO) from eligible Manufacturers/Authorized Distributors as per details mentioned in the RCO documents, under e-tendering system for supply of (1) AGRO TEXTILE SHADE NET (ISI MARKED; NON ISI) (2) HDPE TREE GUARD (3) HDPE CHAIN LINK, (4) PLASTIC MESH MONTAGES (useful in Sericulture) (5) NURSERY POLY BAGS FOR PLANT PROPAGATION (BIO DEGRADABLE; NON DEGRADABLE) along with Online Earnest Money Deposit for each Item as detailed in RCO document, **upto 3.00 pm on 24.04.2026.** RCO document is available at **www.mptenders.gov.in.** Amendments if any, will be published on Corporation's website **www.mpagro.org** only. No further Notice will be published in the news paper.

M.P. Madhyam/125170/2026 DY. MANAGER (HORTICULTURE)


# ट्रंप के बयान से सोना-चांदी में भारी गिरावट

**02 प्रतिशत की गिरावट में रहा सोना**

**05 प्रतिशत पर लुढ़की चांदी**

**नई दिल्ली, 02 अप्रैल. अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी राष्ट्रपति के ताज़ा बयान के बाद सोना और चांदी की कीमतों में गुरुवार को तेज गिरावट दर्ज की गई. निवेशकों को जहां संघर्ष-विराम की उम्मीद थी, वहीं अनिश्चितता बढ़ने से बाजार में बिकवाली हावी हो गई.**



मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना और चांदी दोनों के वायदा भाव में भारी गिरावट देखी गई. खासकर चांदी में 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट ने निवेशकों को चौंका दिया. इस उतार-चढ़ाव ने बुलियन बाजार की दिशा को लेकर नई चिंताएं खड़ी कर दी हैं. गुरुवार= अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती अनिश्चितता और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सख्त बयान के बाद गुरुवार को सोना और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के वायदा भाव में 2.31 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे कीमतें इंट्रा-डे में 1,50,145 रुपये तक पहुंच गई. वहीं चांदी में और भी तेज गिरावट दर्ज की गई, जो 5.59 प्रतिशत टूटकर 2,29,888 रुपये के स्तर तक लुढ़क गई. बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, निवेशक मध्य-पूर्व में जारी तनाव के जल्द खत्म होने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन ट्रंप के बयान ने इस उम्मीद को झटका दिया. उन्होंने जहां संघर्ष के समाप्त होने के संकेत दिए, वहीं ईरान पर संभावित सैन्य कार्रवाई की चेतावनी भी दी.

इससे बाजार में अनिश्चितता बढ़ गई और निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के बजाय मुनाफावसूली शुरू कर दी. अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी इसका असर दिखा, जहां हाजिर सोना और चांदी दोनों में गिरावट आई.

विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले दिनों में भू-राजनीतिक घटनाक्रम के आधार पर बुलियन बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है.

# पीपीएफ में निवेश से 25 साल में 1.03 करोड़ का फंड

**नई दिल्ली, 02 अप्रैल. सरकार ने अप्रैल-जून तिमाही के लिए स्मॉल सेविंग स्कीम्स की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है. यानी पहले जितना ब्याज मिलता था, वही अब भी मिलेगा.**

रिटायरमेंट या लंबी अवधि के लिए निवेश करने वालों के लिए पब्लिक प्रोविडेंट फंड अभी भी सबसे भरोसेमंद और सुरक्षित विकल्प है. पीपीएफ में 15+5+5 रणनीति अपनाकर आप 25 साल में 1.03 करोड़ रुपए का फंड बना सकते हैं. इस फंड से हर महीने लगभग 61,000 रुपए की पेंशन जैसी आय भी संभव है. पीपीएफ में 7.1त्न का गारंटीड ब्याज मिलता है, जो कंपाउंडिंग के साथ हर साल बढ़ता है. निवेश, ब्याज और मैच्योरिटी की रकम सभी टैक्स-फ्री होती है. पीपीएफ में सालाना न्यूनतम 500 रुपए और अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक निवेश किया जा सकता है. मूल पीरियड 15 साल है, लेकिन इसे 5+5 साल के एक्सटेंशन के साथ बढ़ाया जा सकता है. इस योजना की खासियत यह है कि आप बिना नए निवेश के भी फंड बढ़ा सकते हैं या नए निवेश के साथ इसे और मजबूत कर सकते हैं. पीपीएफ योजना हर सैलरीड व्यक्ति, गृहिणी और छोटे व्यवसायी के लिए उपयुक्त है. यह लंबी अवधि के लिए सुरक्षित और लाभकारी निवेश विकल्प साबित होती है.इस योजना में निवेश, ब्याज और मैच्योरिटी की राशि सभी टैक्स-फ्री होती हैं, जिससे यह लंबी अवधि के लिए बहुत आकर्षक विकल्प बन जाती है.


**मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल**
आर-23, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स के पास, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल-462011
दूरभाष : 0755-2552663, फैक्स : 2552662, ई-मेल : bocboard@mp.gov.in

**प्रस्ताव निमंत्रण सूचना**

असंगठित श्रमिकों को बीमित किये जाने संबंधी विचाराधीन प्रस्ताव बाबत्, बीमा प्रक्रिया फ्रेमवर्क डिजाइनिंग, तकनीकी सहयोग, विधिक अनुपालन तथा हितग्राहियों के हित संरक्षण की दृष्टि से व्यवस्थित निगरानी तंत्र संबंधी कार्य हेतु पूर्णतः गैर वित्तीय आधार पर बीमा परामर्शी इम्पैनल किया जाना है।
इस हेतु बीमा क्षेत्र की परामर्शी संस्थाओं से उनके द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाली सेवाओं एवं शर्तों के सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्ताव **दिनांक 10.04.2026 सायं 04:00 बजे तक** आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त प्रस्ताव बंद लिफाफे में निर्धारित दिनांक तक, **म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, कार्यालय आर-23, एम.पी. नगर, जोन-01, भोपाल में** प्रेषित किये जायें।
अधिक जानकारी हेतु कार्यालय **सचिव, म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, आर-23, एम.पी. नगर, जोन-01, भोपाल** में संपर्क किया जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/125184/2026 सचिव


## कपड़ा निर्यातकों को राहत

# करों में छूट की योजना छह महीने बढ़ी



**नई दिल्ली, 02 अप्रैल.** केंद्र सरकार ने कपड़ा निर्यातकों को राहत प्रदान करते हुए केंद्रीय तथा राज्य करों और उपकरों में छूट की अवधि छह महीने बढ़ा दी है. मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि छूट 30 सितंबर 2026 तक या सक्षम प्राधिकारी द्वारा 16वें वित्त आयोग चक्र के लिए योजना की स्वीकृति तक बढ़ा दी गयी है.

योजना के तहत अन्य सभी दिशा-निर्देश यथावत बने रहेंगे. इस योजना की शुरुआत 07 मार्च 2019 को की गयी थी. सभी परिधान तथा गैर-परिधान वस्त्र इसके दायरे में आते हैं. इसका उद्देश्य उन सभी अंतर्निहित राज्य और केंद्रीय करों एवं उपकरों की भरपाई करना है जो किसी अन्य योजना के अंतर्गत कवर नहीं होते हैं ताकि देश का परिधान और अन्य वस्त्र निर्यात वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना रहे. मंत्रालय ने बताया कि यह योजना निर्यात के शून्य-रेटिंग के सिद्धांत पर आधारित है, जो यह सुनिश्चित करती है कि निर्यातित उत्पादों में शामिल गैर-रिफंड योग्य कर निर्यातकों को वापस मिले. इससे विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों को काफी राहत मिल रही है. जो कपड़ा उत्पाद इस योजना के तहत कवर नहीं होते हैं उनके लिए निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट योजना को भी 01 अप्रैल से 30 सितंबर 2026 तक जारी रखा गया है. इन दोनों योजनाओं को जारी रखकर सरकार ने कपड़ा उद्योग में कार्यरत छोटे उद्यमों तथा उनमें रोजगार पाने वाले कामगारों को राहत देने की कोशिश की है.

# एयरटेल ने छुआ 95 करोड़ से अधिक ग्राहकों का आंकड़ा

**नई दिल्ली,02 अप्रैल.** देश की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने 65 करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा छू लिया है. एयरटेल ने गुरुवार को जीएसएमए के आंकड़ों के हवाले से बताया कि मोबाइल सब्सक्राइबरों के मामले में वह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी है जो भारत के अलावा अफ्रीकी देशों में भी सेवा प्रदान करती है. अफ्रीका के 14 देशों में उसके 17.9 करोड़ ग्राहक हैं. एयरटेल के कार्यकारी उपाध्यक्ष गोपाल विट्ठल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर 65 करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा छूना कंपनी के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी लेकर आया है ताकि वह हर दिन अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा दे सके. उन्होंने कहा कि कंपनी अत्याधुनिक तकनीकों में निवेश करते हुए केवल कनेक्टिविटी ही नहीं बल्कि एक सुरक्षित नेटवर्क भी प्रदान कर करती है. उसका उद्देश्य अपनी उपस्थिति का विस्तार और नवाचार, विश्वसनीयता तथा अनुभव के मानकों को ऊंचा उठाना है.


**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
OFFICE OF THE DY. GENERAL MANAGER (O&M) DIVISION SOHAGPUR
E-mail ID : mpczdgmsohagpur@gmail.com
No.: /DGM/O&M/Veh/15 Sohagpur, Dated : 02.04.2026

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL Hereby invited Offer/Rate for hiring the below mentioned type of Vehicle in the following location :-

| Name of Unit/Offier | Particulars | EMD (Rs.) | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| Makhannarag Sub-Division OFFICE OF DGM (O&M) Division Sohagpur | Type G2: Light Commercial Vehicle (Non-AC) (2 to 3 metric ton ), Truck or equivalent, etc. | 3000/- | 02.04.2026 Up to 03:00 pm | 13.04.2026 at 3:30 pm |

Other details, terms and conditions are available on company website **: https://portal.mpcz.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/125194/2026 DGM (O&M)



**पावरग्रिड POWERGRID**

**सूचना**

1. टैरिफ निर्धारण के लिए याचिका : विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62 के अंतर्गत, धारा 79 (1) (क) के साथ पढ़ी गई और केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (व्यवसाय संचालन) नियमावली, 2023 की नियम 15 (1) (a) और नियम 23 के अंतर्गत तथा केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (दर और शर्तें) नियमावली, 2024 के साथ पढ़ी गई, के तहत टैरिफ निर्धारण हेतु याचिका। इस याचिका का उद्देश्य ग्वालियर सिरे पर 3x80 MVAr, 765 kV स्थिर लाइन रिएक्टर को स्विचेबल लाइन रिएक्टर (NGR बायपास व्यवस्था सहित) में रूपांतरित करना तथा "वेस्टर्न रीजन एक्सपैंशन स्कीम-XXXIII (WRES-XXXIII): भाग बी1" के तहत ग्वालियर सबस्टेशन में इंटर-ट्रिपिंग योजना को लागू करना है।
2. उल्लेखित ट्रांसमिशन प्रणाली के लाभार्थी निम्नलिखित हैं: (1) मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, जबलपुर (2) छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर (3) गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, वडोदरा (4) विद्युत विभाग, गोवा सरकार, पणजी (5) महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, मुंबई (6) डीएनएचडीडी पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सिलवासा (7) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीटीयूआईएल), गुरूग्राम (8) करेरा पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड, मुंबई
3. टैरिफ विवरण:
   परियोजना का एससीओडी: 22.10.2025
   एफआर आवंटित अनुमोदित लागत: ₹ 375.47 लाख
   अनुमानित पूर्णता लागत: ₹ 221.48 लाख

**2024-29 टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ**

(₹ लाख में)

| संपत्ति संख्या | संपत्ति का नाम और उसका स्थान | सीओडी | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्वालियर सिरे पर 3x80 MVAr, 765 kV स्थिर लाइन रिएक्टर को स्विचेबल लाइन रिएक्टर (NGR बायपास व्यवस्था सहित) में रूपांतरित करना तथा ग्वालियर सबस्टेशन में इंटर-ट्रिपिंग योजना को लागू करना। | 26.12.2025 | लागू नहीं | 19.28 | 78.65 | 82.58 | 84.52 |

4. इस सूचना और टैरिफ निर्धारण हेतु दायर आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट **www.powergridindia.in** पर प्रकाशित की गई है।
5. याचिका में शामिल टैरिफ निर्धारण के प्रस्तावों पर कोई भी व्यक्ति, जिसमें लाभार्थी भी शामिल हैं, सुझाव और आपत्तियां, आयोग के ई-फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से या लिखित रूप में सचिव, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, 6वीं, 7वीं और 8वीं मंजिल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली - 110029 (या आयोग के कार्यालय का अन्य पता) के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है, और इसकी एक प्रति याचिकाकर्ता को उसके कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर दी जानी चाहिए। यह कार्रवाई इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर करनी होगी।

स्थान: गुरूग्राम
दिनांक: 30.03.2026
हस्ता/-
वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उद्यम)
कॉर्पोरेट कार्यालय: सौदामिनी, प्लॉट नं.2, सेक्टर-29, गरूग्राम, हरियाणा - 122001
पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतब इन्स्टिट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली 110 016
**एक महारत्न पीएसयू**
PG/CC/Notice-106/Advt-127/2025-26/Expression


# सेंसेक्स ने की शानदार वापसी

**मुंबई, 02 अप्रैल.अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद गुरुवार को शुरुआती कारोबार में करीब 1,600 अंक तक टूटने वाला बीएसई का सेंसेक्स अंत में हरे निशान में बंद हुआ. सेंसेक्स 872 अंक गिरकर 72,262 अंक पर खुला और एक समय 1,588 अंक लुढ़क चुका है.**

आखिरी एक घंटे में आईटी और निजी बैंकिंग कंपनियों में हुई लिवाली से यह 185.23 अंक (0.25 प्रतिशत) चढ़कर 73,319.55 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 33.70 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त में 22,713.10 अंक पर पहुंच गया.

ट्रंप ने भारतीय समय के अनुसार, गुरुवार सुबह राष्ट्र के नाम संबोधन में ईरान के खिलाफ अमेरिका के मिशन को सफल बताया, लेकिन कहा कि



अगले दो-तीन सप्ताह खाड़ी देश पर हमले और तेज किये जायेंगे. इससे वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट रही. हालांकि रुपये में जबरदस्त तेजी के कारण भारतीय शेयर बाजारों पर असर कम दिखा. वृहत बाजार गिरावट में रहा.

> निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.16 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.38 प्रतिशत फिसल गया. सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों में लिवाली से निफ्टी आईटी सूचकांक 2.60 प्रतिशत मजबूत हुआ. रियल्टी, धातु, निजी बैंकों और एफएमसीजी में भी तेजी रही. ऑटो, फार्मा, स्वास्थ्य, मीडिया, सार्वजनिक बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस और रसायन सेक्टरों में गिरावट रही.


सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING
MIFF 2026
NFDC cinemas of india

**19वाँ MIFF**
**मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2026**
डॉक्यूमेंट्री | शॉर्ट फिक्शन | एनिमेशन
15 जून-21 जून, 2026

**प्रविष्टियाँ बंद होने की तिथि**
**7 अप्रैल 2026**

हाइलाइट्स
- गोल्डन कॉन्च + ₹10 लाख: सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री (अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता) के लिए
- ₹45 लाख: विभिन्न श्रेणियों में कुल नकद पुरस्कार
- सर्वश्रेष्ठ शॉर्ट फिक्शन फिल्म
- सर्वश्रेष्ठ एनिमेशन फिल्म
- सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फिल्म
- सर्वश्रेष्ठ स्टूडेंट फिल्म
- तकनीकी पुरस्कार

फ़िल्म जमा करने हेतु स्कैन करें

वेबसाइट्स: miff.in
filmfreeway.com/MumbaiInternationalFilmFestival-MIFF

CBC 22105/15/0002/2627